**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# अब कुर्ता-पायजामा और साड़ी में डिग्री लेंगे विद्यार्थी

जासं, फरीदाबाद : वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इस वर्ष दीक्षांत समारोह कुछ अलग अंदाज में होगा। समारोह पूरी तरह से भारतीयता के रंग में रंगा नजर आएगा। 15 फरवरी को छात्र कुर्ता-पायजामा और छात्राएं साड़ी पहनकर डिग्रियां लेंगी। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, संकाय सदस्य तथा अतिथि भी इस ड्रेस कोड का पालन करेंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने ड्रेस कोड के बारे में सभी विद्यार्थियों को जानकारी दे दी है। 14 फरवरी को नए ड्रेस कोड के साथ विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों का पूर्वाभ्यास होगा। अभी तक विश्वविद्यालय या कॉलेजों में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में विद्यार्थी गाउन पहनकर हिस्सा लेते हैं। फरीदाबाद में यह पहला मौका है जब विद्यार्थी कुर्ता-पायजामा या साड़ी पहनकर डिग्रियां लेंगे। प्रदेश में इससे पहले सोनीपत के दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में भी दीक्षांत समारोह का ड्रेस कोड कुर्ता और साड़ी लागू किया जा चुका है। वाइएमसीए में दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा मौजूद रहेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर वेद प्रकाश विशिष्ट अतिथि होंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया बनाने पर जोर दे रहे हैं। ऐसे में दीक्षांत समारोह में भारतीयता की झलक दिखानी जरूरी है, इसलिए विद्यार्थियों का विशेष ड्रेस कोड लागू किया गया है।

**दिनेश अग्रवाल,** कुलपति, वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

वर्ष 2014, 2015 और 2016 में उत्तीर्ण हुए बीटेक के 1283, एमटेक के 367, एमबीए के 164, एमसीए के 90 और एमएससी के 148 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

बता दें कि दीक्षांत समारोह में गाउन पहनने की परंपरा 13वीं शताब्दी में उस समय पड़ी जब ब्रिटेन में पोप के प्रभाव से धार्मिक शिक्षा की शुरुआत हुई। सबसे पहले ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह में गाउन पहनने का प्रचलन शुरू हुआ।

**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**AMAR UJALA**

# कुर्ता-पजामा व पगड़ी में नजर आएंगे विद्यार्थी

## वाईएमसीए के दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड

अमर उजाला ब्यूरो

बल्लभगढ़।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थी इस बार इंग्लिश गाउन की बजाय भारतीय परिधानों में नजर आएंगे। कुर्ता, पजामा और पगड़ी ड्रेस कोड होगा। 15 फरवरी को होने वाले इस समारोह में दो हजार विद्यार्थियों को डिग्रियां बांटी जाएंगी।

समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा समारोह के सम्मानित अतिथि व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### दो हजार विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

कुलसचिव डॉ संजय शर्मा ने बताया कि दीक्षांत समारोह में बीटेक के 1283, एमटेक के 367, एमबीए के 164, एमसीए के 90 तथा एमएससी के 148 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी जाएंगी।

इसके अलावा वर्ष 2014, 2015 व 2016 के लिए विभिन्न स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के मेधावी विद्यार्थियों को उनके श्रेष्ठतम प्रदर्शन के लिए पदक प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह से एक दिन पूर्व 14 फरवरी को दोपहर 3 बजे सभी पात्र विद्यार्थियों को रिहर्सल के लिए बुलाया गया है।

**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**DAILY POST**

# Students told to have new dress code at YMCA varsity convocation

DP CORRESPONDENT
*Chandigarh*

The YMCA University of Science and Technology, Faridabad, has rolled out an ethnic dress code for its convocation function this week, ditching the traditional black robes and square hats. For the February 15 convocation function, the students have been asked to follow the new dress code, a Haryana government release quoting a YMCA spokesman said here on Saturday. The YMCA university is a state university. The male students have been asked to wear white full sleeves shirt and white trousers with black shoes or white 'kurta' and 'pyjama' with black shoes or sandals. The women students will wear white sarees with golden border or white 'kameej' with white 'salwar', white 'dupatta' with black shoes or sandals.

The faculty and guests will also adhere to a similar dress code, it said, adding a decision to this effect has been taken by the university authorities "to simplifying the dress code".

Haryana's Health and Sports Minister Anil Vij has been a strong votary of ditching the conventional black gowns and in March 2015 had refused to attend the convocation of a college in Ambala Cantt, the assembly constituency he represents, as students were donning gowns for the ceremony.

A few months later, Vij had expressed strong reservation over the "colonial legacy" of wearing black gowns by degree recipients and had asked the BJP government in the State to consider introducing a new dress code for such functions, pointing out that "Indian dress will be better in place of heavy black gowns used during convocations".

The minister had then also written a letter to Chief Minister Manohar Lal Khattar and Education Minister Ram Bilas Sharma, saying the colonial legacy of black gowns for convocations should be barred in educational institutions in the state.

Over a year back, Haryana Agriculture University, Hisar, had decided to replace the conventional black gowns worn during convocation with a white dress code for students who were to be awarded their degrees.

**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**HINDUSTAN**

दीक्षांत समारोह में 15 फरवरी को हरियाणा के राज्यपाल छात्रों को डिग्री देंगे, वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए ड्रेस कोड तय किया

# कुर्ता और पायजामा में वाईएमसीए के इंजीनियर डिग्री लेंगे

**बदलाव**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने डिग्री लेने वाले छात्रों के लिए ड्रेस कोड तय कर दिया है। काले गाउन की बजाय अब छात्रों को सफेद कुर्ता पायजामा और छात्राओं को सफेद रंग की साड़ी गोल्डन बार्डर के साथ या फिर सफेद रंग की कमीज और सलवार अनिवार्य कर दिया है। इस ड्रेस कोड में नहीं आने वालों को डिग्री से महरूम रहना पड़ सकता है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने जारी बयान में यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि यह पहली बार हो रहा है कि गाउन की बजाय छात्रों को कुर्ता पायजामा, साड़ी और कमीज सलवार में डिग्री देने का फैसला किया गया है। इससे पहले छात्रों को गाउन में ही डिग्री बांटी जाती रही है। उधर, ड्रेस कोड बदलने की सूचना मिलने के बाद छात्र नए परिधानों का बंदोबस्त करने में जुट गए हैं।



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह होगा। • फाइल फोटो

## करीब दो हजार छात्रों को डिग्री मिलेगी

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में बुधवार को दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें वर्ष 2014, 2015 तथा 2016 में उत्तीर्ण छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा और कुलपति के अध्यक्ष प्रोफेसर वेद प्रकाश मौजूद होंगे। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के करीब दो हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी।

### यह है ड्रेस कोड

छात्र : सफेद रंग की शर्ट और ट्राउजर या सफेद कुर्ता-पायजामा साथ में काले रंग के जूते या सैंडल पहनेंगे।
छात्रा : छात्राएं गोल्डन बार्डर में सफेद साड़ी या सफेद कमीज और सलवार के साथ काले जूते या सैंडल पहनेंगी।

### 14 को रिहर्सल होगा

दीक्षांत समारोह के एक दिन पहले 14 फरवरी को दोपहर 3 बजे सभी पात्र विद्यार्थियों को रिहर्सल के लिए बुलाया गया है। विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने के इच्छुक विद्यार्थी वेबसाइट पर खुद को रजिस्टर कर सकते हैं।

**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**DAINIK TRIBUNE**

## भारतीय पोशाक में डिग्रियां लेंगे वाईएमसीए के विद्यार्थी

फरीदाबाद, 11 फरवरी (ट्रिन्यू)

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलाजी में 15 फरवरी को होने वाले दीक्षांत समारोह में विद्यार्थी भारतीय पोशाक में डिग्रियां लेंगे। यूनिवर्सिटी के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस बार के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थी काले गाउन और सिर पर चौकोर की बजाय भारतीय पोशाक में डिग्रियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि छात्रों को पूरी बाजू की सफेद कमीज, सफेद पैंट और काले जूते अथवा सफेद कुर्ता-पैजामा और काले जूते अथवा सैंडिल पहनने को कहा है जबकि छात्राएं काले जूते अथवा सैंडिल के साथ गोल्डन बार्डर के साथ सफेद साड़ी अथवा सफेद सलवार-कमीज और दुपट्टा पहनेंगी। फैकल्टी और अतिथियों के लिए भी इसी तरह ड्रेस कोड होगा।

दैनिक ट्रिब्यून Sun epa

**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**THE PIONEER**

the pioneer
MONDAY, 13 FEBRUARY 2017 | 11:37:01 AM

STATE EDITIONS

## 'INDIAN DRESS' FOR YMCA CONVOCATION

*Sunday, 12 February 2017 | PNS | Chandigarh | in Chandigarh*

Dumping the colonial dress code, the YMCA University of Science and Technology, Faridabad, decided to enforce an ethnic dress code for its convocation function this week

The university will do away with the traditional black robes and square hats, which is common in most of the Indian universities.

For the February 15 convocation function, the students have been asked to follow the new dress code, a Haryana Government statement said here on Saturday. The YMCA university is a State university.

The male students have been asked to wear white full sleeves shirt and white trousers with black shoes or white 'kurta' and 'pyjama' with black shoes or sandals.

The women students will wear white sarees with golden border or white 'kameej' with white 'salwar', white 'dupatta' with black shoes or sandals.

The faculty and guests will also adhere to a similar dress code, it said, adding a decision to this effect has been taken by the university authorities "to simplifying the dress code".

Haryana's Health and Sports Minister Anil Vij has been a strong votary of ditching the conventional black gowns and in March 2015 had refused to attend the convocation of a college in Ambala Cantt, the assembly constituency he represents, as students were donning gowns for the ceremony.

A few months later, Vij had expressed strong reservation over the "colonial legacy" of wearing black gowns by degree recipients and had asked the BJP Government in the State to consider introducing a new dress code for such functions, pointing out that "Indian dress will be better in place of heavy black gowns used during convocations".

The minister had then also written a letter to Chief Minister Manohar Lal Khattar and Education Minister Ram Bilas Sharma, saying the colonial legacy of black gowns for convocations should be barred in educational institutions in the State.

Over a year back, Haryana Agriculture University, Hisar, had decided to replace the conventional black gowns worn during convocation with a white dress code for students who were to be awarded their degrees.

**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**NDTV (EDUCATION)**

NDTV

# YMCA University Of Science And Technology Convocation To Have Indian Attire As New Dress Code



IMAGE CREDIT: ymcaust.ac.in

NEW DELHI: The YMCA University of Science and Technology, Faridabad has planned to junk the traditional black robes and square hats and to use Indian attire dress code for the upcoming convocation next week. The male students have been asked to wear white full sleeves shirt and white trousers with black shoes or white 'kurta' and 'pyjama' with black shoes or sandals. The women students will wear white sarees with golden border or white 'kameej' with white 'salwar', white 'dupatta' with black shoes or sandals.

The faculty and guests will also adhere to a similar dress code, it said, adding a decision to this effect has been taken by the university authorities "to simplifying the dress code".

The Annual Convocation-2017 of YMCA University of Science and Technology is scheduled to be held on Wednesday, 15th February, 2017 at 11:30 am in the University. Degrees will be awarded to those candidates who have passed B.Tech., M.Tech., MBA, MCA & M.Sc. in the year 2014, 2015 & 2016, said the official website of the university.

"The YMCAUST family solicit your gracious presence on the occasion of the Convocation 2017 of various Graduate and Post Graduate programmes in our campus on 15/02/2017 at 11:30 A.M," said the invitation from the university.

The Governor of Haryana and the Chancellor of YMCA University, Prof. Kaptan Singh Solanki will preside over the function in the presence of Vice-Chancellor Prof. Dinesh Kumar. According another announcement from the university it was said that Chancellor Gold Medal will be awarded to overall topper, Chief Minister Gold Medal will be awarded to overall girl topper and Vice Chancellor Gold Medal will be awarded to academic and other activities topper.

The British era black robes and square hats have been under lot of scrutiny in recent years. In March 2015 Haryana's Health and Sports Minister Anil Vij refused to attend the
The British era black robes and square hats have been under lot of scrutiny in recent years. In March 2015 Haryana's Health and Sports Minister Anil Vij refused to attend the
convocation of a college in Ambala Cantt, the assembly constituency he represents, as students were donning gowns for the ceremony.

(With Inputs from PTI)

**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**INDIA TODAY**

indiatoday in

# Indian attire the new dress code at YMCA varsity convocation

Chandigarh, Feb 11 (PTI) The YMCA University of Science and Technology, Faridabad, has rolled out an ethnic dress code for its convocation function this week, ditching the traditional black robes and square hats.

For the February 15 convocation function, the students have been asked to follow the new dress code, a Haryana government release quoting a YMCA spokesman said here today.

The YMCA university is a state university.

The male students have been asked to wear white full sleeves shirt and white trousers with black shoes or white kurta and pyjama with black shoes or sandals.

The women students will wear white sarees with golden border or white kameej with white salwar, white dupatta with black shoes or sandals.

The faculty and guests will also adhere to a similar dress code, it said, adding a decision to this effect has been taken by the university authorities "to simplifying the dress code".

**NEWS CLIPPING: 12.02.2017**

**NAVBHART TIMES**

# नवभारत टाइम्स

## वाईएमसीए विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भारतीय पोशाक होगा नया ड्रेस कोड

चंडीगढ़, 11 फरवरी :: फरीदाबाद के वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने इस हफ्ते होने वाले अपने दीक्षांत समारोह के लिए भारतीय पारंपरिक पोशाक का ड्रेस कोड तय किया है। संस्थान ने काले रंग का जामा और चौकोर टोपी पहनने की परंपरा खत्म करते हुए यह किया।

हरियाणा सरकार की एक विग्यप्ति में वाईएमसीए के प्रवक्ता के हवाले से यहां कहा गया कि 15 फरवरी को होने वाले दीक्षांत समारोह के लिए छात्रों से नये ड्रेस कोड का पालन करने को कहा गया है।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय एक राज्य विश्वविद्यालय है।

लड़कों से सफेद रंग की पूरे बाजू की कमीज, सफेद पैंट और काला जूता या सफेद कुर्ता-पायजामा, काले जूते या सैंडल पहनने के लिए कहा गया है।

वहीं लड़कियों से सुनहरे रंग के किनारे वाली सफेद साड़ी या सफेद सलवार के साथ सफेद कमीज, सफेद दुपट्टा, काले रंग के जूते या सैंडल पहनने के लिए कहा गया है।

विग्यप्ति के अनुसार शिक्षक-शिक्षिकाओं, मेहमानों से भी ड्रेस कोड का पालन करने के लिए कहा गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने ड्रेस कोड को सरल बनाने के लिए नया ड्रेस कोड तय करने का फैसला लिया।

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं खेल मंत्री अनिल विज दीक्षांत समारोह में रंग का जामा पहनने की परंपरा खत्म करने का कड़ा समर्थन करते रहे हैं और इस मुद्दे पर उन्होंने मार्च, 2015 में अपने विधानसभा क्षेत्र अम्बाला छावनी के एक कॉलेज के दीक्षांत समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया था क्योंकि छात्रों ने वैसा ही जामा पहना था।

हरियाणा के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कप्तान सिंह सोलंकी एवं कुलपति दिनेश कुमार दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे और डिग्री प्रदान करेंगे।